## एक नजर में

### वार्डो में नही हो रहे विकास कार्य, जनसुनवाई पहुंची शिकायत



**खरगोन।** शहरी क्षेत्र में नपा द्वारा वार्ड में स्वीकृति के बाद भी विकास कार्यो में टेंडर जारी करने में रुचि नही दिखाने की शिकायत जनसुनवाई पहुंची है। वार्ड 12 के पार्षद रियाजुद्दीन शेख ने कलेक्टर को कि लिखित शिकायत में बताया कि विभिन्न विकास कार्यों की प्रशासकीय व तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद भी नगरपालिका द्वारा कार्यों के टेण्डर नहीं लगाएं जा रहे हैं। इसके कारण उनके वार्ड के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वार्ड नंबर 30 संजय नगर के मोहम्मद शेख शिकायत लेकर आये थे कि उनके राशन कार्ड में कुल 07 सदस्य है। जिनका नाम खाद्यान्न पर्ची में जुड़ा हुआ है, लेकिन उन्हें केवल 01 व्यक्ति का अनाज मिल रहा है और शेष 06 सदस्यों का अनाज नहीं मिल रहा है। ग्राम मोमदिया की चंपा बाई शिकायत लेकर आयी थी कि ग्राम मोमदिया में उसके पति कांशीराम के नाम से कृषि भूमि है। लेकिन इस भूमि पर उसके जेठ भावसिंग व शोभाराम ने अवैध कब्जा कर लिया है और उसे खेती नहीं करने दे रहे हैं। बड़वाह तहसील के ग्राम सुरपाला निवासी धर्मेन्द्र वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना में उसका नाम आने के बाद भी खाते में किस्त की राशि नहीं मिलने की शिकायत की। ग्राम धुलकोट का भगवान अटादे खाद्यान्न पर्ची नहीं मिलने की शिकायत लेकर आया था। ग्राम जलज्योति का नवलसिंह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आया था।

### सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नि को 2 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर

खरगोन.कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त सुश्री भव्या मित्तल ने हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में खरगोन जनपद के टेमला निवासी शिव पिता मोहनलाल सेन की मुत्यु होने पर उनकी वारिस पत्नि श्रीमती उमाबाई सेन को 02 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की है। उल्लेखनीय है कि 12 मार्च 2023 को बलवाड़ा स्थित इन्दौर रोड़ डबल पुलिया टर्न के पास रोड़ पर अज्ञात वाहन से हुई सड़क दुर्घटना में शिव सेन की मृत्यु हो गई थी।

### इंजीनियरिंग डिग्री धारकों के लिए इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर

खरगोन. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शील्ड (सस्टेनेबल हाउसिंग इंटीग्रेटिंग एफिशियंटलिविंग एंड डिजास्टर रेजिलिएंस) के तहत जिले के बी.आर्क, एम आर्क, बी.इ, बी.टेक और बी.ई. सिविल उपाधि धारी छात्रों से भू-क्लाइमेटिक जोन का दौरा करने और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास टोपोलॉजी अध्ययन करने एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु ग्रीष्मकालीन समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। इंटर्नशिप के दौरान चयनितों को प्रतिमाह 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। जिला पंचायत के सीईओ श्री आकाश सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए योग्यता अनुसार छात्रों को लिंक *https://forms.gle/c{Sscm~FyUJXUGmo~* के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तारीख 20 मई 2025 है। ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप उन छात्रों के लिए डिजाइन की गई है जो वर्तमान में बी.आर्क और एम.आर्क और बी.ई,बी.टेक सिविल इंजीनियर के कार्यक्रमों में नामांकित है। छात्रों को विशिष्ट भू-जलवायु क्षेत्रों का दौरा करना और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास प्रकारों का दस्तावेजीकरण करना आवश्यक है। आफर के लिए सूचना 26 मई तक दी जायेगी और 02 जून को भोपाल में ओरियंटेशन होगा। जिला और ब्लाक मुख्यालय पर रिपोर्टिंग की तिथि 03 जून 2025 रखी गई है। इंटर्नशिप की अंतिम अवधि 31 जुलाई 2025 तक होगी। इंटर्नशिप की अवधि 60 दिवस की होगी। यह अध्ययन मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के 313 विकासखंडों में किया जाना है। ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 20 मई 2025 तक खुली है। छात्रों को दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### मण्डलेश्वर जेल में स्वास्थ्य एवं विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन






**मंडलेश्वर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन द्वारा 13 मई को उप जेल मण्डलेश्वर पर स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव एवं डॉ बीएल लछेटा द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पैरामेडिकल टीम नें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेसर, लीवर, किडनी एवं सिकल सेल की जॉच की गई। न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन द्वारा उप जेल मण्डलेश्वर में स्वास्थ्य शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम से बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की गई एवं उनको दी जा रही दवाईयों की जानकारी ली गई। इस दौरान न्यायाधीश द्वारा जेल में बंदियों के विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। उन्होंने बंदियों से उनके अधिवक्ता है अथवा नहीं है के संबंध में पूछा तथा यह भी बताया कि ऐसे बंदी जिनके अधिवक्ता नहीं है वह विधिक सहायता के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। उनके द्वारा सजायाफ्ता बंदियों से चर्चा करते हुए उनकी अपीलों के संबंध में जानकारी ली गई तथा नोट की गई। उन्होने बंदियों को बताया कि वह चाहे तो विधिक सहायता के माध्यम से भी हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते है। शिविर में श्रीमती श्वेता मीणा, उप जेल अधीक्षक, सुश्री निशा कौशल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल, कु. गौरी मालवीया, इंटर्नशीप स्टूडेंट, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहें।

# मंडलेश्वर सीएमओ होंगे बड़वानी डूडा के परियोजना अधिकारी

### हाईकोर्ट के आदेश पर हुई पदोन्नति

**मंडलेश्वर/** नगर परिषद मंडलेश्वर में पदस्थ ए क्लास सी एम ओ शिवजी आर्य का स्थानांतरण जिला विकास अभिकरण बड़वानी के परियोजना अधिकारी पद पर हुआ है।उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश के परिपालन में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश ने उक्त पदोन्नति के आदेश जारी किए है।मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नगरीय प्रशासनिक अधिकारियों में शामिल शिवजी आर्य क श्रेणी के सी एम ओ होने के बाद भी नगर परिषद मंडलेश्वर में पदस्थ किए गए जबकि वे एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर की नगर पालिका या नगर पालिका निगम में डिप्टी डायरेक्टर पद के लिए योग्यता रखते है।अपनी स्वच्छ और दबंग कार्यप्रणाली के




कारण विभाग ने उनको छोटी नगर परिषद में रखा था।उनसे कनिष्ठ अधिकारी संयुक्त संचालक पद पर जमे है विभाग की इस भेदभाव पूर्ण कार्यवाही पर सी एम ओ शिवजी आर्य ने उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर की थी जिस पर दिसंबर 2024 में उच्च न्यायालय ने आदेश जारी कर 02 से 03 सप्ताह के अंदर उन्हें योग्य पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए थे।उसके बाद भी एक लंबा समय बीत जाने के बाद उन्हें पदोन्नत किया गया है।अब वे परियोजना अधिकारी के पद पर दो माह और कार्य करेंगे जुलाई में वे सेवा निवृत हो जाएंगे। 1986 से राजस्व उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति के बाद वे सी एम ओ पद तक पहुंचे अपनी 39 वर्ष 7 माह की लंबी सेवा अवधि में 27 बार तबादले झेल चुके शिवजी आर्य खरगोन खेतिया पानसेमल कुक्षी मनावर दमवा (छिंदवाड़ा) में पदस्थ रहे।मंडलेश्वर में वे 11जनवरी 2023 में सी एम ओ के पद पर स्थानांतरित हुए थे इस अवधि में उनके कार्यकाल में नगर में करोड़ों के विकास कार्य हुए।उनके पदोन्नत होने पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, रतनदीप मोयदे नगर परिषद उपाध्यक्ष ज्योति हरी गाडगे पार्षद रूपाली ब्रम्हदत्त चौहान कमलेश भार्गव साबिर पठान सहित पार्षदगण और नागरिकों ने बधाई प्रेषित की है।




# खुले में न बेचे मांस, मछली, मटन, पुलिस ने बैठक में दिए सख्त निर्देश

### नियमों का पालन नही करने पर होगी वैधानिक कार्रवाई

**खरगोन। प्रदेश सरकार ओर गृहमंत्री के निर्देश पर एक बार फिर पुलिस प्रशासन खुले में मांस, मछली, मटन आदि बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त रुख अपनाने लगा है।**

खुले में मांस, मटन, मछली आदि बिक्री पर रोक के बावजूद शहर सहित जिले के कई स्थानों पर सड़क किनारे, बस्तियों में यहां तक की मटन मार्केट में भी आम रोड पर खुलेआम व्यापार किया जा रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपने- अपने थानाक्षेत्रों में मटन, मांस, मछली विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें सख्त हिदायत दी है कि खुले में व्यापार न करें। इसके अलावा बिक्री के लिए बनाए गए नियमों का पालन करें, साफ- सफाई का ध्यान दिया जाए। नियमों का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी ।

कोतवाली में एएसपी नरेंद्र रावत, एसडीएम बोंदर सिंह कलेश, थाना प्रभारी बीएल मंडलोई, नगर पालिका प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी महेश वर्मा ने बैठक ली, जबकि खलटाका चौकी पर एसडीओपी मंडलेश्वर मनोहरसिंह गवली, थाना प्रभारी बलकवाड़ा निरीक्षक रितेश यादव एवं थाना कसरावद पर थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन के द्वारा अपने.अपने थाना/ चौकी क्षेत्रों में नगर पालिका एवं पंचायत से मांस, मछली, मटन बेचने वालों की सूची प्राप्त कर बैठक ली गई। बैठक में हिदायत दी गई है कि मांस के अपशिष्ट पदार्थों का नियमानुसार नष्टीकरण किया जाए।



# जनरल परेड में परखा पुलिस का अनुशासन, सतर्कता

**खरगोन।** पुलिस लाईन में मंगलवार को जनरल परेड आयोजित कि गई। इसमें एसपी धर्मराज मीना ने परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन के लिए पुरुस्कृत किया तो वही खामियां पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। परेड के बाद पुलिसकर्मियों के लिए साप्ताहिक हार्टफूलनेस ध्यान केंद्र कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ।

एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन की जड़ माना जाता है, परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इसी के चलते जनरल परेड का आयोजन किया गया। जनरल परेड के पुलिस बल को तड़के सुबह 06 बजे पुलिस लाईन मे परेड ग्राउन्ड में आयोजित की गई।

एएसपी सिटी भापुसे नरेंद्र रावत, एएसपी ग्रामीण श्रीमति शकुन्तला रुहल जिले के 02 एसडीओपी/डीएसपीए समस्त चौकी एवं थाना प्रभारी एवं पुलिस लाइन व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लगभग 90 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। परेड कमांडर आरआई सौरभ सिंह कुशवाह के द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी एवं परेड के निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों के टर्नआउट को चेक किया गया व अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन हेतु पुरुसकृत भी किया गया। इसके बाद वाहनों के रख रखाव को परखा गया एवं वाहनों को दुरूस्त रखने और आवश्यक सुरक्षा उपकरण हमेशा वाहनों में रखे जाने के निर्देश दिये गये व उसमें आपात स्थिति से निपटने के लिए रखी बलवा ड्रिल सामग्री का भी निरीक्षण किया गया।

# डॉ . मोहन सोनी द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि पर प्रेरणादायी

**खरगोन. प्रतिष्ठित सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि विशेषज्ञ डॉ. मोहन सोनी प्राचार्य सेवा सदन लॉ कॉलेज बुरहानपुर ने 13 मई को शासकीय विधि महाविद्यालय खरगोन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि पर एक प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस व्याख्यान में उन्होंने आधुनिक युग में सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि की भूमिका, इसके विविध आयाम, तथा डिजिटल परिवर्तन में इसकी महत्ता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।**




डॉ. सोनी ने व्याख्यान में बताया कि आज के डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि ने जहाँ जीवन को सरल बनाया है, वहीं इससे जुड़ी विधिक चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। उन्होंने साइबर अपराध, डेटा संरक्षण, डिजिटल साक्ष्य, तथा सूचना के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि कानून के छात्रों और पेशेवरों को इन उभरते क्षेत्रों में अद्यतन रहना आवश्यक है।

प्रो. चन्द्रभान त्रिवेदी ने तकनीकी विकास के साथ विधि के अनुकूलन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कई प्रासंगिक उदाहरण दिए और वर्तमान कानूनी परिप्रेक्ष्य में सूचना प्रौद्योगिकी एवं विधि अधिनियम, 2000 की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सुश्री तृप्ति जायसवाल, डॉ. दिग्विजय सिंह मण्डलोई, डॉ. विपिन सोनी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री निशांत दुबे ने किया। व्याख्यान के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में संस्था की ओर से डॉ. मोहन

### प्रेम नगर- बलवाड़ी में रोजाना गुल हो रही बिजली

**खरगोन।** शहर सीमा से लगे ग्राम प्रेमनगर- बलवाडी के ग्रामीण इन दिनों बिजली गुल होने की समस्या से जुझ रहे है। बार- बार बिजली गुल होने के चलते परेशान हो रहे ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां शिकायती आवेदन सौंपकर गांव तक पहुंच रही विद्युत लाईन के मार्ग में पेड़ों की छंटाई करने सहित नवीन एबी स्वीच लगाए जाने की मांग की। शिकायतकर्ता अरविंद पाटीदार, मनीष यादव, ललित यादव, भरत यादव विपिन पाटीदार आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत प्रेम नगर स्थित विद्युत ग्रीड से ग्राम खेड़ी तक पहुंच रही विद्युत लाईन के मार्ग में जगह- जगह बड़े- बड़े पेड है। वर्तमान में रोजाना चल रही हवा- आंधी के चलते इन पेड़ों की टहनियों में उलझकर विद्युत तार टूट रहे है। इससे गांव में तो अंधेरा हो रहा साथ ही करंट दौड़ रहे तारों के टुटने से करंट फैलने की आशंका भी रहती है। बार- बार तार टूटने से करीब 15 गांव के लोग प्रभावित होते है। रात के समय बिजली गुल होने से जहरीले जीव- जंतुओं के साथ ही चोरी का डर भी सताता है। ग्रामीणों ने शिकायती आवेदन में सुझाव दिया है.

# सीबीएसई परीक्षा में जीपीएस स्कूल का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खरगोन।** सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोकुलदास पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कक्षा 10वीं की छात्रा रिया चौधरी ने 96 .6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से 90 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। 18 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 50 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 72 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक, 90 बच्चों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय को गौरवांन्वित किया है। जबकि कक्षा 12 वीं के साइंस स्ट्रीम में 12 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से सभी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। केशव मालवीया ने विद्यालय में प्रथम स्थान के साथ 91.8 प्रतिशत अंक हासिल किए, हर्षिता मालवीया ने 85 .2 प्रतिशत, नितिश जोशी 82 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में भूमिका अग्रवाल ने 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, अंश दांगी ने 86 .8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आकांक्षी गुप्ता ने 86 .2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर में — आदित्य विद्या विहार स्कूल के विद्यार्थी रहे टॉपर

# 10वीं के छात्र हिमांशु ने 100 में से 100 और कक्षा 12 वीं की छात्रा अमृता ने 100 में से 98 अंक किए हासिल

**खरगोन। सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए कक्षा 10वी व 12वीं के परीक्षा परिणामों में आदित्य विद्या विहार स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल को गौरवांवित किया है।**

विद्यालय संचालक अनिल रघुवंशी ने बताया कि कक्षा 10वीं के छात्र हिमांशु अवासे ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किये एवं कक्षा 12 वीं की छात्रा अमृता पटेल ने जीवविज्ञान विषय में 100 में से 98 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12 वीं के 43 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के



प्रतिभावान विद्यार्थियो में से मयुरी गुप्ता कामर्स.94.6, क्रिश जायसवाल 91.8, ईशा पाटीदार 89., अमृता पटेल जीवविज्ञान 88.6, वेदान्तिका भार्गव कामर्स 87.0, केशव गुप्ता गणित 85.2, निहारिका चौहान जीवविज्ञान 85. अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर रहे। कक्षा 10वीं के छात्र के 67 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी दर्ज कर विद्यालय का नाम गौरावान्वित किया। हिमांशु अवासे 94.6, देवश्री भार्गव 94.2, आस्था पाटीदार 94., आयशा खान 93.4, अनुष्का महाजन 90.4, माधवी मंडलोई 89.6, शिवांश वर्मा 89.4, आराध्या शुक्ला 89.2, अनुभूति मंडलोई 89., रोहन यादव 88.4, शीफांषी गुजराती 88. यक्ष चौधरी 88, प्रीत पटेल 87.8, अंशिका चौहान 87.2, जय श्री खोड़े 87. हर्ष प्रजापत 86.8, तनिष्क गुप्ता 85.2, इशिका बालके 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित एवं शिक्षकों को सम्मानित किया।